# गौ माता के दर्शन मात्र से सारे कष्ट हो जाते हैं नष्ट

▸ गोलोकधाम गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा में बोले ...देव महाराज





**उन्हेल।** गोलोकधाम गौशाला में श्री मद भागवत कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन विख्यात भागवा आचार्य नितिन देव महाराज चित्रकूट धाम के ने बताया कि गो सेवा से ही भाग्य उदय होता है और भगवत कथा सुनने से आत्मा को शांति मिलती है। महाराज ने परीक्षित जी की कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि गो सेवा में लगने से भाग्य चमकता है। भगवान सबसे ज्यादा अगर प्रसन्न किसी से है तो वह है गौ सेवा करने वाले से है जितनी जल्दी गौ सेवा करना शुरू करेंगे भगवान इतनी जल्दी आपसे प्रसन्न हो जाएंगे।

महाराज ने आगे भागवत कथा की महिमा के व्याख्यान में बताया कि शुकदेव जी ने अमृत कलश के बदले में भी भागवत कथा देवताओं को नहीं दी। क्योंकि कथा का रस पान को अमृत से भी दुर्लभ बताया गया है इसीलिए इसे देवदुर्लभ कथा भी कहा गया है। कथा का सुनना कब सार्थक होगा वो जब हम भगवान की कथा का श्रवण करेंगे अगर उनके दर्शन की भावना हमारे हृदय में नहीं उठे तो कथा सुना सार्थक कैसे हो सकता है। आगे महाराज जी ने बताया कि गो सेवा में निष्पक्ष और नि:स्वार्थ भाव से लगना चाहिए। गोमाता को प्रात: दर्शन करने से सारे अमंगल कस्ट नष्ट हो जाते हैं। जहां प्रेम के साथ में भगवान श्री कृष्णा चाहे भगवान श्री राम हो गौ माता की सेवा के लिए भगवान अवतार लेते है। कथा में पधारे जीवन सिंह शेरपुर द्वारा गौ माता की सेवा के लिए एक एंबुलेंस एक लिफ्ट मशीन गौ माता को उठाने के लिए देने की की घोषणा की गई गौ सेवा के लिए उन्होंने बताया कि जब भी जरूरत लगे मैं गोलोक धाम में गौ सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। आगे भी जब भी सहयोग की जरूरत लगेगी मैं उसके लिए तत्पर रहूंगा। आज के भोजन प्रसादी यजमान रामलाल मदारिया, कैलाश हल्कारा, भोम सिंह लसूडिया, सुबह भोजन प्रसादी यजमान विकास जायसवाल परिवार व सात दिवसीय प्रसादी यजमान बापूलाल सोनगरा परिवार रहा।

इस अवसर पर गोलोक धाम गौशाला अध्यक्ष पं. शिव गुरु शर्मा, नंदराम धाकड़, शांतिलाल हल्कारा, नंदराम नायमा, रामलाल मदारिया, लाखन सिंह ठाकुर, मदनसिंह ठाकुर गुरला, बसंतीलाल टेलर, संतोष चौधरी, दिनेश सांखला, ओम हिम्मत सिंह चौहान, विकास जायसवाल, उमेश जाट, हटे सिंह चौधरी, आकाश वर्मा, भैरुलाल हल्कारा, राधेश्याम राठौर, दिनेश टेलर, राहुल ठाकुर, भरत सरा, दिनेश सरा, राजेश ढोढारिया व कई महिला मंडल व भक्तगणों ने कथा का रसपान किया। कथा के मुख्य यजमान श्रावण सिंह राजपूत परिवार ने भागवत पूजा कर आरती लाभ लिया।

# शेषशायी कॉलेज में विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**नगदा।** शेषशायी कॉलेज में विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय दिल्ली के आदेशानुसार डान योजना के अन्तर्गत निशिली दवाओं के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य मार्गदर्शन शिविर एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अतरिक्त जिला न्यायाधीश चन्द्रसेन मुवेल एवं न्यायाधीश सोनम शर्मा ने उपस्थित होकर कालेज के विद्यार्थियों को विधिक सहायता के सम्बध में जानकारी दी जिसमें कानुन का पालन, कानुन की रक्षा, कानुन में किए गए प्रावधान, पास्को एकट सहित स्वयं की अभिरक्षा के उपाय बताए एवं किस धारा में क्या-क्या प्रावधान है के सम्बध में जानकारी प्रदान की। न्यायाधीश द्वारा कुछ केस के उदाहरण यातायात के सम्बध में देकर बडे रौचक ढंग से केस स्टडी को भी समझाया, जज महोदया द्वारा पास्को एकट किशोर अवस्था एक्ट परिवारवाद एक्ट, जीवनरक्षा सम्बंधी सभी प्रावधानों को विद्यार्थियों को अवगत कराया।

### यह थे मौजूद

न्यायाधीष के साथ विजयबाबू शुक्ला, निर्मला रावल, अनिता शर्मा, प्रवीण राणावत, दिपिका, रितु, आयुषी, रोहित व संजय ने भी उपस्थित होकर कानुन सम्बंधी जानकारी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थी सहित शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहे। संचालन लोकेन्द्रसिंह तंवर ने किया। आभार कालेज संचालक धर्मेन्द्र गुप्ता ने माना।

## एक नजर में

### नगर निगम सभापति ने कृषि रथ को रवाना किया

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विकासखंड में एक-एक रथ शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए भेजा गया है। इसी तारतम्य में नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा रविवार सुबह जिले के विकासखंड उज्जैन के कृषि रथ को झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शोभाराम मालवीय, संजय अग्रवाल, वीरेंद्र आंजना, दीपक चौधरी भी उपस्थित रहे। कृषि रथ के साथ-साथ में एक तकनीकी दल जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी रहेंगे जो अपने-अपने विभाग की जानकारी से किसानों का अवगत कराएंगे। साथ ही कृषि में नवीन तकनीकी के संबंध में किसान भाइयों को जानकारी देंगे। इस अवसर पर संचालक कृषि यू. एस. तोमर, कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक दीक्षित, कार्यालय के सहायक संचालक कमलेश राठौर, गंगाराम मूवेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुबोध पाठक, कृषि अभियांत्रिकी के सहायक यंत्री पीसी सिसोदिया और सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुबह 10 बजे तक छाया कोहरा, सर्द हवाओं ने फिर डाला डेरा



**घट्टिया।** नववर्ष पर 2-3 दिन के घने कोहरे व तेज ठण्ड के दौर के बाद साफ़ हुए मौसम में अचानक रविवार से फिर बदलाव आया। रविवार को सुबह घना कोहरा व सर्द हवाओं का दौर फिर शुरू हुआ। सुबह 10 बजे के बाद तक घना कोहरा छाया रहा व दिनभर सर्द हवाए चलती रही। सूरज भी दिनभर बादलो की ओट में अठखेलियाँ करता रहा। लोगो ने दिनभर अलाव तापकर व हीटर चलाकर ठण्ड से बचाव के जतन किए। घने कोहरे के कारण ज़ीरो विजिबिलिटी होने से वाहन चालको को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जानकारी साझा करने के लिए नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शुरू

**उज्जैन।** डिजिटल क्षेत्र से जुड़े विषयों पर जानकारी साझा करने के उद्देश्य से उज्जैन से एक नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शोभिते गोयल डाट काम शुरू किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल ट्रेंड्स, ऑनलाइन कंटेंट और आधुनिक तकनीक से संबंधित विषयों पर लेख प्रकाशित किए जा रहे हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री डिजिटल माध्यमों में हो रहे बदलावों को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है। इसमें डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन, वेबसाइट से जुड़े विषय और नई तकनीकों पर आधारित जानकारी शामिल है। डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए इस प्रकार के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जानकारी के वैकल्पिक स्रोत के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले समय में प्लेटफॉर्म पर और विषयों को शामिल किए जाने की योजना है।

### वार्ड 40 के कार्यकारी अध्यक्ष बने अभिषेक पांचाल



**उज्जैन।** सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष मुरली निगम ने मध्य प्रदेश और देश में कार्यकर्ता जोड़ने का अभियान जोरों पर चला रखा है। इसी कड़ी में उज्जैन जिले के अंदर महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई। राजकुमार झांझोट, महासचिव मनीष सिंह चौहान, संगठन मंत्री प्रतीक निगम, ठा. मोहन सिंह राणा, कमल सिंह दरबार, सचिव की अनुशंसा पर उज्जैन जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद पर योगेश जाट व वार्ड क्रमांक 40 के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अभिषेक पांचाल को निर्वाचित किया है। प्रदेश युवा अध्यक्ष देवराम जाट, गौरक्षा प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, संभाग उपाध्यक्ष जयंत चूरिया, जिला उपाध्यक्ष राहुल चावड़ा, महानगर मंत्री लोकेंद्र परमार, गोवर्धन आर्य, जिला उपाध्यक्ष महिला परिषद मंजू सोनी आदि ने श्री जाट व पांचाल को बधाई दी।

### रेलवे सुरक्षा बल व गाड़ी सुरक्षा पार्टी की तत्परता से यात्री का लैपटॉप बैग सुरक्षित मिला



**नागदा।** पुणे से रतलाम ट्रेन क्र. 22943 के बी-1 कोच में सीट क्र. 56 पर यात्रा कर रहे मन्दसौर निवासी अनिल जैन का ट्रेन में छूटा कीमती लैपटॉप बैग रेलवे सुरक्षा बल एवं गाड़ी सुरक्षा पार्टी की सतर्कता, ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई के चलते सुरक्षित वापस मिल गया। सूचना प्राप्त होते ही गाड़ी सुरक्षा पार्टी के हेड कांस्टेबल कंचन मीणा, हेड कांस्टेबल जगदीश स्वामी एवं कांस्टेबल मुकेश राम जाट ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित कोच में पहुंचकर बैग की पहचान की और उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। नागदा स्टेशन पर रेल्वे सुरक्षा बल एएसआई सोहनलाल द्वारा सजगता दिखाते हुए पहले से प्लेटफार्म पर उपस्थित रहकर ट्रेन के आगमन की प्रतीक्षा की गई। ट्रेन के नागदा पहुंचते ही रेलवे सुरक्षा बल द्वारा नियमानुसार कागजी कार्यवाही पूर्ण कर, सभी के समक्ष बैग की जांच कराई गई। इसके पश्चात बैग को यात्री के रिश्तेदार ब्रजेश बोहरा को विधिवत सुपुर्द किया गया। बैग सुरक्षित मिलने पर जैन ने रेल मदद पोर्टल पर ऑनलाइन धन्यवाद संदेश प्रेषित कर रेलवे सुरक्षा बल एवं गाड़ी सुरक्षा पार्टी की प्रशंसा की।

# सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने जरूरतमंदों के लिए लगातार पांचवें सप्ताह चलाया नेकी का वाहन



**उज्जैन।** सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया गया।

अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक आबिद अली मीर ने विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीत ऋतु में जरूरतमंदों के लिए प्रत्येक सप्ताह नेकी का वाहन दो महान शख्सियतो के नाम से चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं समाजसेवी शेख जाकिर मोहम्मद की स्मृति में नेकी का वाहन छत्री चौक से शहर के विभिन्न भागों में चलाया गया। नेकी के वाहन का शुभारंभ समाजसेवी शाकिर शेख ने किया। उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया संस्था द्वारा सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन शहर के प्रमुख चौराहे से चलाया जाता है। इस सप्ताह के नेकी वाहन के शुभारंभ अवसर पर डॉ. रफीक नागोरी, गंगाधर महा, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, जीवन शर्मा, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, इरफान राइन, आजम खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, सोनू सिंह आनंद, भइयू भाई, मोहम्मद इकबाल उस्मानी उपस्थित थे। कपिल भारद्वाज, हाजी राजा भाई नसीब होटल, रिजवान नागोरी, मनोज कुमार भाटी, फैज कबीर, हाजी इस्माइल भाई रंगवाला, हाजी शेरू भाई राइन, हाजी इस्माइल खान, भूरु भाई कमर अली, नासिर मंसूरी का विशेष सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

# कृषि रथ को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना



**बड़नगर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषि वर्ष 2026 मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कार्यालय उप संचालक कृषि के नेतृत्व एवं विधायक जितेंद्र उदय सिंह पण्डया के मार्गदर्शन में विकासखंड में कार्यक्रम आयोजित कर सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह राजावत, भाजपा जिला मंत्री एवं जी राम जी योजना के जिला संयोजक विजय चौधरी, जिला पंचायत सदस्य मांगीलाल मोहरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुकमाल जैन, सहकारिता नेता दशरथ पण्डया, प्रेस क्लब से अरविंद व्यास, सहकार भारती के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा, एवं मांगीलाल हारोड, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदय अग्निहोत्री एवं समस्त कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिति में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शासन की योजना अनुसार यह रथ लगातार तहसील के ग्रामों का भ्रमण कर पात्र किसानों का चयन कर योजनाओं का लाभ देने हेतु किसानो प्रेरित करते हुवे कृषि से संबंधित सभी विभागों का दल पंचायत में पहुंचकर किसानों के विकास हेतु प्रयास करेगा। इस अवसर पर कृषि के साथ ही सभी विभागों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कृषि विस्तार अधिकारी अंकुश गुप्ता ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग की तरफ से कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र सोलंकी, चेतन पटेल, चंदन पटेल, नारायण सिसोदिया, राम लखन वाघेला, दशरथ पोपांडिया, पूजा जाजमे, श्रद्धा कोचले, शानू पांडे के साथ ही विकासखंड स्तरीय तकनीकी मैनेजर उपस्थित रहे।

# महिदपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित




**महिदपुर।** नगर के राजपूत बोर्डिंग में आयोजित हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की आत्मा, संस्कार और एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। शांत, अनुशासित एवं श्रद्धा से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न इस आयोजन ने प्रत्येक उपस्थित हृदय को गौरव, ऊर्जा और भावनाओं से ओतप्रोत कर दिया। केशव बस्ती सहित नगर के कोने-कोने से पहुंचे धर्मप्रेमी नागरिकों की सहभागिता ने सम्मेलन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संत साध्वी हेमलता दीदी सरकार के ओजस्वी एवं भावप्रवण उद्बोधन ने जनमानस को भीतर तक झकझोर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और हिंदुत्व के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने, अपनी जड़ों से जुड़े रहने और राष्ट्रहित में समर्पित रहने का प्रेरक संदेश दिया।

अपने संबोधन में दीदी सरकार ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हुए समाज को लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों एवं समाज को भ्रमित करने वाली विधर्मिक प्रवृत्तियों से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से मातृशक्ति और युवाओं से विवेक, जागरूकता और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया, जिससे समाज की अस्मिता और सांस्कृतिक चेतना सुरक्षित रह सके।

विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष नूतन दीदी मिश्रा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी विपिन आर्य के विचारों ने सेवा, संगठन और सकारात्मक सामाजिक भूमिका की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। इस भव्य आयोजन का सफल संचालन संयोजक कैलाश ठाकुर, सह-संयोजक विष्णु मालवीय एवं सर्व समाज के सामूहिक नेतृत्व में संपन्न हुआ। निधि प्रमुख डॉ. राजेश मेहता, आयोजन समिति तथा समर्पित स्वयंसेवकों का नि:स्वार्थ परिश्रम इस सफलता की मजबूत आधारशिला बना।

सामाजिक समरसता के वर्ष के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो संस्कार, संस्कृति और संवेदनाएं स्वयं मुखर हो उठती हैं। मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति, युवाओं का जोश और नागरिकों का अनुशासन इस आयोजन की आत्मा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजन से हुआ, तत्पश्चात संत साध्वी हेमलता दीदी का पुष्प-वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सर्व समाज ने एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण कर सामाजिक समरसता और भाईचारे का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।



# किसान कल्याण तथा कृषि विकास रथ को दिखाई हरी झंडी

**घट्टिया।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विकासखंड घट्टिया से कृषि रथ को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भगवान सिंह पंवार, भाजपा मंडल घट्टिया के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष पानबिहार विक्रमसिंह गनावा, ग्राम पंचायत घट्टिया के सरपंच यशवंत मालवीय द्वारा हरि झंडी दिखाकर ग्रामों में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। कृषि रथ के माध्यम से नरवाई प्रबंधन, खाद वितरण की ई टोकन प्रणाली, प्राकृतिक खेती हेतु जागरूकता के साथ साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। उक्त कृषि रथ के साथ में एक तकनीकी दल जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी रहेंगे जो अपने-अपने विभाग की जानकारी से समस्त कृषकों को अवगत कराएंगे।

# उज्जैन में 40 स्थानों पर हुआ विराट हिंदू सम्मेलन, 1 लाख से अधिक लोग हुए शामिल

**उज्जैन। हिन्दू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से उज्जैन महानगर की 40 विभिन्न बस्तियों में 11 जनवरी 2026, रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए गए.. इन सम्मेलनों में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों के साथ साथ बौद्धिक सत्र एवं सहभोज का आयोजन किया गया।**

संत नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन संत नगर उद्यान पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंजू दीदी (ब्रह्मकुमारी आश्रम), मुकेश दीसावल एवं शिल्पा पांडे उपस्थित रहे। मुकेश दिसावल ने अपने संबोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा के बारे में जानकारी दी एवं उन्होंने बताया कि हिंदू समाज के स्वाभिमान की लड़ाई में कैसे संघ ने योगदान दिया। जयसिंहपुरा का हिंदू सम्मेलन जैन मंदिर जयसिंहपूरा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में अशोक सोहनी, शेवानंद जी एवं अनीता पंवार उपस्थित रहें। अशोक सोहनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू को किसी सभ्यता, मत-पंथ, मंदिर-मठ, किसी खान-पान, वेश-भूषा, रहन-सहन, रीति-रिवाज, किसी देवी-देवता तक सीमित नहीं किया जा सकता। पूर्वजों के तप, अध्ययन, अनुभव, चिंतन से बनी संस्कृति के अनुरूप आचरण ही हिन्दुत्व है। यह जीवन दृष्टि है।

रामानुजकोट बस्ती का सम्मेलन राठौर समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ शैलेश त्रिपाठी, हरिनारायण शास्त्री, भारती वर्मा उपस्थित रहे। सब में एक परमात्मा है। एक ही चैतन्य अनेक रूपों में व्यक्त हुआ है। एकात्मभाव सबमें एक ही परम तत्व (ईश्वर) है। और मनुष्य सब पदार्थों का आवश्यकतानुसार भोग करे, परन्तु यह सब मेरा नहीं है का भाव रखते हुए। संग्रह न करे। प्रकृति से हम उतना ही लेते हैं, जितना आवश्यक है। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में विपिन आर्य, महंत हनुमानदास जी, अंजली वैशंपायन उपस्थित रहे। विपिन आर्य ने संघ के पंच परिवर्तन - स्वदेशी, नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण पर विषय रखा।

## एक नजर | सहकारिता आंदोलन समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम

# सहकार भारती स्थापना दिवस पर सहकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान




**बड़नगर।** सहकार भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर आज एन डी व्यास गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र में निरंतर सेवा और उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नेताओं का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सहकारिता नेता सुकमाल जैन, रतनलाल चौधरी, सुरेश व्यास, सेक्रेटरी भालचंद्र उपाध्याय एवं संतोष जोशी को उनके सहकारिता क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता आंदोलन समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है। सहकार भारती संगठन देशभर में सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहकार भारती के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सहकारिता से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दशरथ सिंह पंड्या ने किया अंत मे सोहन सिंह गुर्जर ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उदय अग्निहोत्री कृषि विकास अधिकारी, महामंत्री अभिषेक लड्डा, संजय व्यास, मांगीलाल हारोड, श्रीकृष्ण राणा, शैलेन्द्र सिंह उज्जैन सरिता यादव, गज़ेंद्र सिंह राजावत, विजय चौधरी, वीरेंद्र त्रिवेदी, जीवन अंजना, अरविंद व्यास, प्रवीण भाटी, ओम प्रकाश व्यास आदि उपस्थित रहे। सहकार भारती के स्थापना दिवस पर कृषि विभाग के रथ को हरी झंडी दिखाकर तहसील में रवाना किया।